**खबर संक्षेप**

## शिविर में वसूले 53 हजार, अब कटेगा पानी का कनेक्शन!



**धनपुरी।** टैक्स चोरी करने वालों और बकायादारों के खिलाफ नगरपालिका सीएमओ सुश्री पूजा बुनकर ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। श्रीराम रेसीडेंस में आयोजित विशेष वसूली शिविर में नपा ने 53 हजार रुपये का संपत्ति कर डंके की चोट पर वसूला। नगरपालिका ने साफ चेतावनी दी है कि 1997 से बकाया रखने वाले महारथी भी अब बच नहीं पाएंगे। सीएमओ ने दो टूक कहा है कि जो नागरिक टैक्स जमा करने में आनाकानी कर रहे हैं, उनके घरों के नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है। सरकारी खजाने में सेंध लगाने वालों के लिए अब नपा के पास कोई रहम नहीं है।

## पॉलीथिन के सौदागरों पर नपा का छापा



**शहडोल।** शहर को जहर मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका के मैदानी अमले ने छापामार कार्रवाई कर प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने वालों की कमर तोड़ दी है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और सीएमओ श्रीमती आशा भंडारी के कड़े तेवरों के बाद अमला सडक़ों पर उतरा, जिससे व्यापारियों में हडक़ंप मच गया। नगरपालिका की टीम ने शहर की 6 दुकानों पर दबिश देकर 5 किलो 200 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की। नियम विरुद्ध व्यापार करने वाले इन दुकानदारों पर 2200 रुपये का जुर्माना ठोंकते हुए सख्त चेतावनी दी गई। स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल महोबिया की अगुवाई में चली इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि पर्यावरण से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नगर पालिका ने दो टूक शब्दों में कहा है कि या तो पॉलीथिन छोड़ें या भारी जुर्माने और कानूनी डंडे के लिए तैयार रहें।

## विक्रमपुर में बेखौफ अपराधी

**बुढार।** थाना अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर में इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक अज्ञात हमलावर ने एक निर्दोष गर्भवती भैंस की धारदार हथियार से वार कर नृशंस हत्या कर दी। इस क्रूर घटना से न केवल एक मूक पशु की जान गई, बल्कि एक गरीब किसान की जीविका पर भी वज्रपात हुआ है।

**टंगी के वार से लहूलुहान मिली भैंस :** पीड़ित पशुपालक लल्लू लाल साहू ने बताया कि उनकी 7 वर्षीय भैंस, जो एक माह बाद बच्चा देने वाली थी, 6 दिसंबर को चरने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद 8 दिसंबर को भैंस का शव रामू त्रिपाठी के खेत में क्षत-विक्षत हालत में मिला। भैंस के शरीर पर टंगी (कुल्हाड़ी) या किसी भारी वस्तु से हमले के गहरे निशान थे और मौके पर काफी खून फैला हुआ था, जो इस बात का प्रमाण है कि उसे तड़पा-तड़पा कर मारा गया है। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक शिवम उर्फ गप्पू यादव पर हत्या का संदेह व्यक्त करते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस जघन्य अपराध से किसान को लगभग 80,000 रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। लल्लू लाल साहू ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि मूक पशु की हत्या करने वाले दरिंदों को तत्काल गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए। अब देखना यह है कि बुढार पुलिस इस मामले में कितनी तत्परता दिखाती है या फिर एक गरीब किसान को न्याय के लिए भटकना पड़ेगा।




### बुढ़ार में कारोबारी राजेश चमड़िया पर गंभीर आरोप

# पुलिस की मौजूदगी में आदिवासी का घर तोड़ा?

**शहडोल।** बुढार थाना क्षेत्र में कोल आदिवासी परिवार के घर की दीवार तोड़े जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कारोबारी राजेश चमडिय़ा कथित गुंडों के साथ पहुंचा और पुलिस की मौजूदगी में घर की दीवार तुड़वा दी। इस घटना ने पुलिस की भूमिका और पूरे प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले के बुढार थाना क्षेत्र के मुरलिया बाग इलाके का है, जहां कोल समुदाय का एक परिवार पिछले करीब 50-60 वर्षों से निवासरत बताया जा रहा है। परिवार का कहना है कि उनके दादा-परदादा के समय से यह भू-खंड उनके कब्जे में है और उसी जमीन पर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान भी स्वीकृत हुआ था। ऐसे में अचानक जमीन का सौदा किसी अन्य के नाम होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

### कारोबारी राजेश चमडिय़ा ने जताया जमीन पर दावा

स्थानीय कारोबारी और कांग्रेस नेता राजेश चमडिय़ा ने जमीन पर अपना दावा बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने यह भूखंड मनीष जैन नामक कारोबारी से खरीदा है और करीब दो माह पहले 7200 स्क्वायर फीट की रजिस्ट्री कलेक्टर की अनुमति से की गई है। उनके पक्ष का दावा है कि जिस हिस्से में प्रधानमंत्री आवास बना हुआ है, उसे रजिस्ट्री से बाहर रखा गया था।

### दीवार तोडने का वीडियो वायरल

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ लोग हथौड़ा और औजार लेकर घर की दीवार तोड़ते नजर आ रहे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इन लोगों के साथ राजेश चमडिय़ा भी मौजूद थे और मौके पर महिला पुलिसकर्मी सहित अन्य पुलिस जवान भी खड़े दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि पुलिस ने रोकने के बजाय कथित तौर पर तोडफ़ोड़ करने वालों को संरक्षण दिया।

### शिकायतों के बावजूद नहीं मिली राहत

पीड़ित परिवार ने इस मामले में बुढार थाना, आदिम जाति कल्याण विभाग तथा पुलिस अधीक्षक को अलग-अलग तिथियों में शिकायतें दी हैं। परिवार का आरोप है कि पूर्व में भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है और किसी अनहोनी की स्थिति में पुलिस प्रशासन और राजेश चमडिय़ा को जिम्मेदार ठहरा रहा है।

### रजिस्ट्री 7200 स्क्वायर फीट की

मामले में यह भी सामने आया है कि राजेश चमडिय़ा ने यह जमीन मनीष जैन नामक कारोबारी से खरीदी है। बताया गया कि करीब दो माह पहले 7200 स्क्वायर फीट की रजिस्ट्री कलेक्टर की अनुमति से कराई गई। राजेश चमडिय़ा के पक्ष का दावा है कि जिस भूखंड पर प्रधानमंत्री आवास बना हुआ है, उसे रजिस्ट्री से बाहर रखा गया था, लेकिन पीड़ित पुष्पेंद्र कोल और उसके परिवार का कहना है कि यह पूरा भूखंड उनके हिस्से की पुश्तैनी जमीन है और वे तीन पीढिय़ों से यहां रह रहे हैं। परिवार का यह भी कहना है कि पहले वे राजेश चमडिय़ा के यहां ही काम करते थे, लेकिन अब उन्होंने नौकरी छोड़ दी है।

### तहसील पंचनामा में पूरा भूखंड परिवार के कब्जे में

सूत्रों के अनुसार तहसील कार्यालय द्वारा तैयार मौके के पंचनामा में यह तथ्य सामने आया कि पूरा 7200 स्क्वायर फीट का भूखंड और जिस पर प्रधानमंत्री आवास बना हुआ है, वह संपूर्ण जमीन पुष्पेंद्र कोल के कब्जे में पाई गई। यह भी बताया गया कि जिस दीवार को गिराया जा रहा था, उसका निर्माण कभी राजेश चमडिय़ा या उनके परिवार द्वारा कराया गया था। हालांकि पीड़ित परिवार इससे अलग दावा कर रहा है और पूरे मामले को जबरन बेदखली की कोशिश बता रहा है।









### कानून व्यवस्था पर उठे बड़े सवाल

इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या किसी कारोबारी या राजनीतिक व्यक्ति को यह अधिकार है कि वह खुद मौके पर खड़ा होकर बिना किसी वैधानिक बेदखली आदेश के किसी का मकान या दीवार गिरवा दे। नियमानुसार इस तरह की कार्रवाई राजस्व विभाग या नगर निकाय द्वारा न्यायालय या सक्षम प्राधिकारी के आदेश के बाद ही की जाती है। वायरल वीडियो में कहीं भी राजस्व विभाग के अधिकारी या कर्मचारी नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं, राजस्व कर्मचारियों ने अनौपचारिक रूप से इस बात का खंडन भी किया है कि उन्हें इस कार्रवाई की कोई जानकारी थी या वे मौके पर मौजूद थे।

### कोल समुदाय से जुड़ा संवेदनशील मामला

पीड़ित परिवार कोल जनजाति से संबंधित बताया जा रहा है, जिसे अत्यंत पिछड़ी और विलुप्तप्राय जनजातियों में गिना जाता है। ऐसे समुदाय के परिवार के साथ कथित बेदखली की यह घटना सामाजिक और प्रशासनिक संवेदनशीलता से भी जुड़ी हुई है। राज्य सरकार द्वारा कॉल विकास प्राधिकरण जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं, ऐसे में इस तरह की घटनाएं सरकारी दावों पर भी सवाल खड़े करती हैं। मामले में पुलिस की भूमिका को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई कथित तोडफ़ोड़ को लेकर अब निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

### इनका कहना है...

हमारी तीन पीढिय़ा इस जमीन पर रह रही हैं, हम जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं छोड़ेंगे, बिना किसी आदेश के पुलिस वालों को साथ लेकर बाउण्ड्रीवॉल तोड़ दी, हमारा पूरा परिवार डर के साये में जी रहा है। कई बार शिकायत दे चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।

**पुष्पेन्द्र कोल**
**पीड़ित**

उक्त जमीन हमनें कलेक्टर की अनुमति से खरीदी है, पुष्पेन्द्र हमें ब्लैकमेल कर रहा है।

**राजेश चमडिय़ा**
**संचालक**
**होटल विलासा इंटरनेशनल**

इस संदर्भ में जानकारी नहीं है, संभवतः बुढ़ार पुलिस राजस्व कर्मचारियों के साथ ही मौके पर गई होगी, अतिरिक्त जानकारी लेकर जांच की जायेगी।

**अभिषेक दीवान**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,**
**शहडोल**

### तहसीलदार ने कहा...

राजेश चमडिय़ा ने कलेक्टर की अनुमति पर जमीन खरीदी थी, लेकिन राजस्व जांच में भू-खण्ड पर कई वर्षो से कब्जा पुष्पेन्द्र कोल का है, बेदखली का कोई आदेश हमने जारी नहीं किया और न ही राजस्व की टीम पुलिस के साथ घटना के समय मौके पर थी।

**सुमित गुर्जर**
**तहसीलदार,**
**बुढ़ार**

# ब्योहारी में भू-माफिया खुला-खेल



### जिंदा नाले का गला घोंटकर काट रहे अवैध कॉलोनी

**शहडोल।** जिले के ब्योहारी में भू-माफियाओं ने कानून को अपनी जेब में रखकर तबाही का ऐसा मंजर शुरू किया है, जो भविष्य में पूरे शहर को डुबाने की तैयारी है। क्रिस्टा ज्योति मिशन स्कूल के पीछे, वार्ड नंबर 05 घोरी टोला में दो दबंगों मदन गुप्ता और मोतीलाल गुप्ता ने सरकारी तंत्र को चुनौती देते हुए कुदरती जल निकासी के प्राचीन जिंदा नाले को ही पाट दिया है। हद तो तब है जब राजस्व विभाग और नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानकर भी मूकदर्शक बने बैठे हैं, मानो उन्हें माफियाओं की चांदी की चमक ने अंधा कर दिया हो।

### 50 एकड़ में अवैध साम्राज्य

मिली जानकारी के अनुसार गुप्ता बंधुओं ने घोरी टोला आदिवासी बस्ती से लगे करीब 50 एकड़ के विशाल भू-भाग पर अवैध प्लाटिंग का खूनी खेल शुरू किया है। बिना किसी वैध डायवर्सन और बिना कॉलोनाइजर पंजीयन के, कृषि योग्य भूमि और बगार को औने-पौने दामों में काटकर बेचा जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों को ताक पर रखकर यहां रजिस्ट्रार कार्यालय की मिलीभगत से शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व की चपत लगाई जा रही है।

### जिंदा नाले को बनाया नाली

खसरा नंबर 3692 और 3693 में स्थित यह विशाल नाला गोदावल और तेंदुआढ़ क्षेत्र के बरसाती पानी की निकासी का एकमात्र सहारा है। माफिया मोतीलाल और मदन गुप्ता ने इस चौड़े नाले को पाटकर एक संकरी नाली में तब्दील कर दिया है ताकि नाले की जमीन पर भी प्लाट बेचकर अपनी तिजोरियाँ भरी जा सकें। बस्ती के बुजुर्गों का कहना है कि अगर यह नाला खत्म हुआ, तो अगली बारिश में घोरी टोला जलमग्न हो जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ प्रशासन की होगी।

पंचनामे का ड्रामा और 15 दिन बाद फिर वही खेल स्थानीय आदिवासियों के विरोध के बाद 15 दिन पहले नगरपालिका सीएमओ और तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी रामपाल सिंह ने मौके पर पहुंचकर जब्ती और पंचनामे की औपचारिकता पूरी की थी, लेकिन, भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि महज़ दो हफ्ते के भीतर माफियाओं ने फिर से नाले को पाटने का काम शुरू कर दिया। सवाल उठता है कि क्या सरकारी नोटिस सिर्फ रद्दी का टुकड़ा हैं या फिर राजस्व अमले ने माफियाओं से हाथ मिलाकर मौन सहमति दे दी है।

### साहब, माफियाओं को जेल भेजो

घोरी टोला के प्रताड़ित आदिवासियों ने अब कलेक्टर डॉ. केदार सिंह से सीधी गुहार लगाई है। ग्रामीणों की मांग है कि दबंग मदन और मोतीलाल गुप्ता के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया जाए। आखिर ब्योहारी का प्रशासनिक अमला इतना लाचार क्यों है, क्या शहर के बीचों-बीच चल रहे इस अवैध खेल की जानकारी ऊपरी अधिकारियों को नहीं है या फिर सिक्कों की खनक ने जिम्मेदारों की कलम पर ताला जड़ दिया है।

### इनका कहना है...

शिकायत प्राप्त होने पर पूर्व में मौके से सामान जप्त कर नोटिस जारी की गई थी और काम बंद करा दिया गया था। यदि अब फिर से नाले में काम लगाया गया है तो, संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**शरद गौतम**
**सीएमओ**
**नगर परिषद ब्यौहारी**

नाले को पाटना गलत है, मैं कल ही पटवारी को मौके पर भेजता हूं। यदि ऐसा है तो निश्चित संबंधित पर कार्यवाही करुंगा और अबैध प्लाटिंग हो रही है तो उसे भी देखता हूं।

**भागीरथ लहरे**
**एसडीएम, ब्यौहारी**

# शहडोल में लकड़ी माफिया बेखौफ

### 10 दिन में दूसरी बार वन टीम पर खूनी हमला, डिप्टी रेंजर समेत 6 लहूलुहान





**शहडोल।** जिले में माफियाओं का राज चल रहा है या कानून का? यह सवाल अब आम जनता और प्रशासन के सामने मुंह बाए खड़ा है। शहडोल के जंगलों में हरे सोने की लूट मचाने वाले माफिया अब रक्षकों के ही खून के प्यासे हो गए हैं। अमझोर वन परिक्षेत्र के महादेवा बीट में बीती रात जो कुछ हुआ, उसने प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। बेशकीमती सरई की लकड़ी पकडऩे गई वन विभाग की टीम पर घात लगाकर बैठे अपराधियों ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें डिप्टी रेंजर समेत 6 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### रात के अंधेरे में कायराना हमला

घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे की है। सूचना मिली थी कि माफियाओं ने सरई की लकड़ी का बड़ा जखीरा जंगल में छिपा रखा है। जब डिप्टी रेंजर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे, तो उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि जंगल के सन्नाटे में मौत घात लगाए बैठी है। जैसे ही टीम ने लकड़ी जब्त करने की कोशिश की, पहले से छिपे दर्जनों हमलावरों ने अचानक धावा बोल दिया। हमले की क्रूरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डिप्टी रेंजर के सिर पर सीधा वार किया गया, जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। उनके साथ मौजूद कर्मचारी राम सजीवन, जगन्नाथ, नारायण, रवि नंदन और दुर्गा प्रसाद को भी बेरहमी से पीटा गया। माफियाओं का तांडव यहीं नहीं थमा, उन्होंने सरकारी वाहनों को भी पत्थरों से चकनाचूर कर दिया।

### 10 दिन में दूसरी वारदात

शहडोल जिले में वन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि महज 10 दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी वारदात है। अभी सोहागपुर में कोयला माफियाओं द्वारा किए गए हमले की स्याही सूखी भी नहीं थी कि अब लकड़ी माफियाओं ने अपना खूनी खेल दिखा दिया। सवाल उठता है कि क्या इन माफियाओं को किसी रसूखदार का संरक्षण प्राप्त है, आखिर क्यों पुलिस और प्रशासन का खौफ इन गुंडों के जेहन से खत्म हो चुका है।

### पुलिस की कार्रवाई और अस्पताल में भर्ती घायल

डीएफओ तरुणा वर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए इसे बेहद गंभीर बताया है। जयसिंहनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुछ संदिग्धों को दबोचा है, लेकिन मुख्य आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। घायलों का उपचार जयसिंहनगर अस्पताल में चल रहा है, जहाँ कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। अगर वर्दीधारी कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद किससे की जाए? अब समय नोटिस देने का नहीं, बल्कि इन माफियाओं के अड्डों पर बुलडोजर चलाने और उन्हें ऐसी सजा देने का है कि दोबारा कोई सरकारी कर्मचारी की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत न कर सके।

### इनका कहना है...

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कुछ आरोपियों को पुलिस टीम ने मौके से हिरासत में लिया है।

**अजय कुमार बैगा**
**थाना प्रभारी, जयसिंहनगर**

## कुल्हाड़ी से वृद्ध महिला का कत्ल करने वाले बीरबल को उम्रकैद

**शहडोल।** समाज के बीच छिपा बैठा एक भेड़िए जैसा खूनी आखिरकार अपने अंजाम तक पहुंच गया। माननीय अपर सत्र न्यायालय बुढ़ार ने ग्राम खैरी के बहुचर्चित और रोंगटे खड़े कर देने वाले हत्याकांड में अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोदिया बाई नामक बेकसूर वृद्ध महिला की कुल्हाड़ी से वार कर नृशंस हत्या करने वाले पाषाण हृदय आरोपी बीरबल सिंह उम्र 50 वर्ष को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने न केवल उसे उम्रभर जेल की काल कोठरी में रहने का आदेश दिया, बल्कि भादवि की धारा 302 और 450 के तहत भारी अर्थदण्ड से भी दंडित किया है।

### घर में घुसकर किया वार

घटना 8 नवंबर 2023 की है, जिसने पूरे खैरी गांव को दहला दिया था। गांव में दशमी का कार्यक्रम चल रहा था, लोग खुशियों में शरीक थे, लेकिन बीरबल के दिमाग में मौत का तांडव चल रहा था। पुरानी रंजिश का जहर पालने वाले इस हत्यारे ने रात के अंधेरे का फायदा उठाया। वह कंधे पर मौत का सामान (कुल्हाड़ी) लादकर कोदिया बाई के घर के चक्कर लगा रहा था। जब उसे लगा कि शिकार अकेला है, तो सामने का दरवाजा बंद देख वह पीछे के रास्ते से घर में घुस गया। अंदर सो रही निहत्थी कोदिया बाई पर उसने कुल्हाड़ी से इतने घातक वार किए कि वृद्धा की चीखें सुनकर गांव वाले दौड़े, लेकिन तब तक अपराधी अपना काम कर चुका था। चश्मदीदों ने उसे खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर भागते देखा था।

### अभियोजन की अचूक पैरवी ने ढाया कहर

इस सनसनीखेज प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री कुबेन्द्र शाह ठाकुर ने सर्जिकल स्ट्राइक जैसी धारदार पैरवी की। अभियोजन ने अदालत के सामने कुल 20 गवाह पेश किए और वैज्ञानिक साक्ष्यों की ऐसी कड़ी जोड़ी कि आरोपी बीरबल के पास बचने का कोई रास्ता नहीं बचा।

# बांधवगढ़ के रक्षक ही बने भक्षक, 20 गाइडों की गर्दन फंसी

## बाघ दिखाने के जुनून में सरकारी सिस्टम से खिलवाड़

**उमरिया।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पार्क प्रबंधन और वन्यजीव प्रेमियों की नींद उड़ा दी है। जंगल के नियम कायदों को धता बताकर और पर्यटकों को खुश करने के चक्कर में गाइडों और चालकों ने वो दुस्साहस किया है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। चंद रुपयों के लालच और बाघ दिखाने की अंधी होड़ में इन लोगों ने सरकारी संपत्ति और सुरक्षा तंत्र यानी बधिरा मोबाइल ऐप के साथ ही छेड़छाड़ कर डाली। पर्यटन अधिकारी (ताला) ने इस घोर लापरवाही और नियम विरुद्ध कृत्य पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए 20 गाइडों और चालकों को कारण बताओ नोटिस थमा दिया है। विभाग की इस कार्रवाई से पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है।





### बाघों की सुरक्षा को खतरा

बांधवगढ़ का कोर जोन, जहां परिंदा भी पर मारने से पहले नियमों की इजाजत लेता है, वहाँ इन गाइडों ने सरकारी निगरानी तंत्र को ही अंधा कर दिया। आरोप है कि भ्रमण के दौरान इन लोगों ने आवंटित बघिरा ऐप मोबाइल के साथ अनधिकृत रूप से छेड़छाड़ की और सॉफ्टवेयर को बाधित किया। इसका सीधा मकसद था कि ट्रैकिंग से बचना। जब जीपीएस का ट्रैक ही नहीं बनेगा, तो पार्क प्रबंधन को पता ही नहीं चलेगा कि वाहन तय रूट पर है या प्रतिबंधित इलाकों में बाघ का पीछा कर रहा है। ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ये वाहन निर्धारित 20 किमी/घंटा की रफ्तार को भूलकर, धूल उड़ाते हुए उन 80 प्रतिशत संवेदनशील इलाकों में घुस गए, जहाँ प्रवेश वर्जित है।

### इन नामचीन चेहरों पर गिरी गाज

पर्यटन अधिकारी द्वारा जारी क्रमांक 129 के तहत जिन लोगों को कटघरे में खड़ा किया गया है, उनमें राजेश कुमार साहू, गजेन्द्र यादव, सत्यकांत शुक्ला, देवराज सिंह, शुभम सिंह, लवकेश कुमार बैगा, शिवशंकर नामदेव, राजकुमार सिंह, अतुल कुमार गुप्ता, राकेश सिंह, अवनीश सिंह राणा, रामदीन बैगा, सुफल सिंह, संत कुमार प्रजापति, राजेश साहू, मनजीत सिंह, मुकेश यादव, रामलखन सिंह, प्रवीण मिश्रा के नाम शामिल है, इन पर आरोप है कि इन्होंने 15 से 18 फरवरी के बीच जंगल के नियमों की धज्जियां उड़ाईं।

### 24 घंटे की मोहलतःबख्शा नहीं जाएगा

पर्यटन अधिकारी ने नोटिस में स्पष्ट और सख्त लहजे में कहा है कि यह कृत्य न केवल सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़ है, बल्कि शासकीय कार्यों में सीधा हस्तक्षेप और बाधा उत्पन्न करना है। पार्क प्रबंधन ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला, तो यह मान लिया जाएगा कि इन गाइडों के पास बचाव में कहने को कुछ नहीं है। ऐसी स्थिति में इनके विरुद्ध एकपक्षीय कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह इन गाइडों की होगी।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की भी अवहेलना

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कोर एरिया में मोबाइल और शोर-शराबे पर सख्त पाबंदी लगाई है, ताकि वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास प्रभावित न हो। लेकिन बांधवगढ़ के ये स्वयंभू गाइड पर्यटकों से मिलने वाली टिप के चक्कर में कानून को जेब में रखकर घूम रहे हैं। तेज रफ्तार वाहन और जीपीएस से छेड़छाड़ न केवल बाघों को तनाव में डालती है, बल्कि किसी बड़े हादसे को भी न्यौता देती है।

### आखिर कब थमेगी ये मनमानी

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन की इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि पार्क के भीतर जंगल राज नहीं चलेगा। अब देखना यह है कि क्या इन 20 लोगों पर सिर्फ कागजी कार्रवाई होगी या इन्हें हमेशा के लिए ब्लैकलिस्ट कर एक मिसाल कायम की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई दूसरा गाइड सरकारी सिस्टम से खिलवाड़ करने की जुर्रत न कर सके।

---

## सफलता का कोई शार्टकट नहीं,मेहनत ही सफलता की कुंजीः कलेक्टर

# जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता से चयनित विद्यार्थियो को किया गया सम्मानित













**उमरिया।** शिक्षा ही विकास के द्वार खोलती है। शिक्षित व्यक्ति की चहुंओर प्रशंसा होती है। सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है मेहनत ही सफलता की कुंजी है इसलिए आवश्यक है कि सभी बच्चे मेहनत करें और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष करें। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि 16 हजार बच्चों के ओलंपियाड प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद विभिन्न स्तरों पर परीक्षा पास करते हुए 32 बच्चे चयनित हुए है, जो बधाई के पात्र है । जो बच्चे चयनित नही हो पाए है, वे निराश नही हो। उन्होने कहा कि सभी बच्चे अपने लक्ष्य का निर्धारण करें , और उसी अनुरूप तैयारी करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी ।

उन्होने अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चो को खूब पढाए। अभिभावक अपने बच्चो पर अपनी इच्छा का दबाव नही डालें । प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा विद्यमान है, बच्चो को जिस क्षेत्र में रूचि है, उसी क्षेत्र में मेहनत करने दें और अपनी सफलता की इबारत लिखने दें । इन बच्चो में कोई खिलाड़ी, कोई डाक्टर,कोई इंजीनियर बन सकता है। आपने सभी बच्चो को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया ने बताया कि ओलंपियाड प्रतियोगिता में 16242 बच्चो ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। जन शिक्षा केंद्र स्तरीय परीक्षा में 16242 बच्चों में से 14687 बच्चों ने परीक्षा दी जिसमें 2118 विद्यार्थी चयनित किए गए । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 2118 में से 1987 बच्चे शामिल हुए जिसमें से 32 बच्चो का चयन किया गया । जिन्हें जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता कार्यक्रम समारोह में सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वाले बच्चो में कक्षा 2 एवं 3 मे हिंदी, गणित, कक्षा 4 एवं 5 मे हिंदी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण , कक्षा 6 एवं 8 में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान , मार्गदर्शी शिक्षक शामिल है । इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चे,शिक्षक, अभिभावक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन श्री सुशील मिश्रा ने किया।

---



# सीईओ जिला पंचायत ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने जनपद पंचायत पाली एवं जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया । ग्राम पंचायत कुरकुचा एवं टकटई में अटल सुशासन भवन, सुंदरदादर में एक बगिया माँ के नाम योजना तथा कल्दा में नवीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य का अवलोकन कर गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत क्लस्टर बिल्डिंग (पंचायत भवन) का भी निरीक्षण किया गया तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सुंदरदादर की शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर प्राप्त शिकायत के संबंध में आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री जनपद पंचायत करकेली ऋषभ शुक्ला, सहायक यंत्री जनपद पंचायत पाली टी.बी. सिंह, उपयंत्री रश्मि द्विवेदी, संबंधित ग्रामों के सरपंच-सचिव सहित समस्त पंचायत अमला उपस्थित रहा।

## जिले में हाईस्कूल कि संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न

**उमरिया।** जिले में हाईस्कूल कि संस्कृत विषय की परीक्षा 45 परीक्षा केंद्रो में संपन्न हुई। हाईस्कूल संस्कृत विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 7406 विद्यार्थियो में से 7273 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 133 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें। जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. पिनौरा, शा.उ.मा.वि. कोहका 82 एवं शा.उ.मा.वि. बेलसरा का निरीक्षण किया गया, परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी, सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी. परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी ।

---

# गुटखा के अवैध मुनाफे और कालाबाजारी का क्षेत्र मे खुलेआम चल रहा खेल




**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** राजश्री गुटखा के अवैध मुनाफे और कालाबाजारी का नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र मे खेल खुलेआम चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक नगर के कुछ बड़े व्यापारी और एजेंसी मालिक शासन के नियमों को ताक पर रखकर निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक दामों पर गुटखा बेच रहे हैं। इस अवैध वसूली के पीछे बजट में जीएसटी में 40 प्रतिशत वृद्धि का हवाला दिया जा रहा है, जिसकी आड़ में एजेंसी मालिक दुकानदारों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। प्रशासनिक निगरानी के अभाव में फल-फूल रहे इस काले कारोबार से आम उपभोक्ताओं में भारी रोष है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाद्य विभाग की निष्क्रियता के चलते कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। जनता ने कलेक्टर और संबंधित विभाग से मांग की है कि इस सिंडिकेट की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि आम जनता को हो रही इस लूट पर अंकुश लग सके। वही एक स्थानीय दुकानदार ने बताया, हमें निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर गुटखा खरीदना पड़ रहा है, जिससे हमारा मुनाफा कम हो रहा है। अगर हम निर्धारित मूल्य पर गुटखा बेचते हैं तो एजेंसी मालिक हमें गुटखा देना बंद कर देते हैं।

एक उपभोक्ता ने बताया मैंने हाल ही में एक गुटखा पैकेट खरीदा था, जिसकी कीमत 10 रुपये होनी चाहिए थी, लेकिन मुझसे 15 रुपये लिए गए। जब मैंने दुकानदार से इसकी शिकायत की तो उन्होंने बताया कि एजेंसी मालिक ने उन्हें महंगे दाम मे दिया है। वही 20 वाली राजश्री गुटखा 25 एवं 30 का और 40 वाला 50 का बेचा जा रहा है जबकि प्रिंट रेट पुराना ही हैं। अब तो राजश्री गुटखा प्रेमी बहुत परेशान हैं। बड़े दुकानदार और राजश्री की डीलर अत्यधिक मुनाफा कमाने ब्लैक मार्केटिंग कर रहे।

---

# 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत

**विद्युत प्रकरणों के निराकरण में दी जाएगी छूट**

**उमरिया।** न्यायाधीश,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा । आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के निराकरण मे छूट प्रदान की जाएगी । उन्होने बताया कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रविधि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

---

**नवाचार की ओर लगातार बढ़ रहा निकाय**

# अब वार्ड दर्शन के माध्यम से नागरिकों को मिल रहा लाभ

*हरिभूमि न्यूज राजनगर*



प्रदेश के शुरुआती छोर पर छत्तीसगढ़ से राज्य की सीमा से लगा अनूपपुर जिले में स्थित नगर परिषद डूमरकछार नित्य नये नवाचारों की ओर बढ़ते हुए नागरिकों की सेवा, जनहितैषी कार्यों को करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। निकाय अध्यक्ष और जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया के नेतृत्व में निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों/कर्मचारियों के सहयोग से जनता की समस्याओं को दूर करने का हर तरह का प्रयास किया जाता है, अभिनव प्रयास के दौरान नित्य नया कुछ करने की ललक यहां के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में लगातार देखी जा रही है।

### हेल्प डेस्क से मिल रहा लाभ

हितग्राहियों, निकाय क्षेत्र के नागरिकों को कार्यालय के सभी विभागों के चक्कर ना काटना पड़े, निकाय आने वाले हितग्राहियों को हेल्प डेस्क में ही अपनी समस्याओं को बताते ही, हेल्प डेस्क के कर्मचारी उन समस्याओं को संबंधित विभाग से सामंजस्य स्थापित कर समस्याओं को दूर करते हैं।

### एसएमएस सेवा से मिलती है सूचना

विगत 3 वर्षों से निकाय के माध्यम से विभिन्न अवसरों पर नागरिकों को उनके मोबाइल फोन पर एसएमएस सुविधा के माध्यम से भी सूचनाएं प्रेषित की जाती है, ताकि समय पर नागरिकों को सम्बन्धित योजनाओं की सूचनाएं मिल सके।

### वार्ड का है वाट्सएप्प ग्रुप

लगभग 1 वर्ष पहले सभी वार्डों के अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं, इस व्हाट्सएप ग्रुप में उस वार्ड के पार्षद, हेल्प डेस्क के कर्मचारी और निकाय के अध्यक्ष को जोड़ा गया है ताकि वार्ड की जो भी समस्याएं हैं इस ग्रुप में जानकारी मिल सके, इन वार्ड के व्हाट्सएप ग्रुपों में सिर्फ वार्ड की समस्या और समाधान पर ही चर्चा की जाती है, गुड मॉर्निंग, शादी की सालगिरह, जन्म दिन इन विषयों पर चर्चा ना करके सिर्फ समस्या और समाधान पर चर्चा होती है, समस्याओं की सूचना मिलने पर यथा संभव दूर करने का प्रयास किया जाता है।

### आपका विकास, आपके साथ

लगभग 1 वर्ष पहले इस विचारधारा के साथ कि आपकी स्थानीय सरकार आपके गली मोहल्ले और वार्ड में आकर जन चौपाल कर आपकी समस्याएं सुनेगी और उसका समाधान निकालने का प्रयास करेगी, आपका विकास आपके साथ का नारा लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि, विभागीय कर्मचारियों के साथ जनता के बीच जमीन पर दरी बिछाकर बैठकर जन चौपाल करके निकाय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में जमीनी स्तर की समस्याओं को सुनने और उसे सूचीबद्ध कर उन समस्याओं को हल करने के लिए जो भी सार्थक प्रयास हो सकते हैं उन्हें करने की कोशिश की ऐसे सैकड़ो कार्य इस नवाचार के दौरान हल किए गए जो निकाय स्तर के थे, बाकी शेष कार्य जो अन्य विभागों से सम्बन्धित थे उन कार्यों को उन विभागों से सामंजस्य स्थापित कर जनता को लाभ पहुचाने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है।

### सुझाव पेटी की भी है व्यवस्था

निकाय के प्रांगण क्षेत्र में निकाय के 3 वर्षों से सुझाव पेटी भी रखी गयी है ताकि समय-समय पर नागरिकों एवं जरूरतमंदों का सुझाव भी निकाय को प्राप्त होता रहे और वह अपनी समस्याएं भी इस सुझाव पेटी के माध्यम से निकाय तक पहुँचा सके।

### मॉर्निंग वॉक के दौरान वार्ड दर्शन अभिनव पहल

निकाय के अध्यक्ष निर्वाचित जन प्रतिनिधियों एवं साथियों के साथ प्रातः कालीन मॉर्निंग वॉक के दौरान भी एक नवाचार को और बढ़ावा देते हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधि और सहयोगी साथियों के साथ वार्ड दर्शन के नाम से प्रातः काल वार्डों का भ्रमण किया जाता है और नागरिकों का दर्शन कर भ्रमण के दौरान जो समस्याएं सामने आती है उसको यथा संभव हल करने का प्रयास किया जाता है, इसी कड़ी में 18 एवं 19 फरवरी 2026 को पाइप लाइन, साफ सफाई सहित कई समस्याओं के साथ दो समस्याएं बुजुर्गों की भी आयी कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, जिससे उनको इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, मॉर्निंग वॉक से लौटने के तुरंत बाद कार्यालय के स्टाफ को हितग्राहियों के घर भेज कर 3 से 4 घंटे के अंदर ही 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर उन बुजुर्गों को सौंपा गया। इस प्रकार से डूमरकछार निकाय नित्य नए नवाचार की ओर बढ़ रहा है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच सके और सीमित साधनों में क्षेत्र की सेवा अच्छे ढंग से हो सके इस सेवा कार्य में सहयोग देने वाले सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, कार्यालय के अधिकारी एवं स्टाफ सहयोगी मित्रों का भी निकाय के अध्यक्ष श्री चौरसिया ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद व्यापित किया है।

# बुढार पुलिस की बड़ी सफलता: 24 दिन बाद खेतौली से दस्तयाब हुई नाबालिग, परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

बुढार।

शहडोल जिले की बुढार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ग्राम बिरुहुली से लापता हुई एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है। बालिका को सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खेतौली से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिसके बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### क्या था मामला?

जानकारी के अनुसार, ग्राम बिरुहुली निवासी जीवन लाल यादव (45 वर्ष) ने 25 जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री अचानक कहीं गुम हो गई है। पिता ने आशंका जताई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल BNS की धारा 137(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की थी।

### पुलिस की कार्रवाई और बरामदगी

थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार के मार्गदर्शन में पुलिस टीम लगातार बालिका की तलाश में जुटी थी। मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस को सफलता मिली। 18 फरवरी को पुलिस ने ग्राम खेतौली (थाना सोहागपुर) में दबिश देकर नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर लिया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। अपनी बेटी को वापस पाकर पिता जीवन लाल यादव भावुक हो गए और उन्होंने पुलिस टीम की सराहना की।

### टीम का सराहनीय योगदान

इस पूरी कार्रवाई और पतासाजी में निम्नलिखित पुलिसकर्मियों की मुख्य भूमिका रहीः



श्रीमती शोभा नामदेव (महिला सब-इंस्पेक्टर)महेंद्र सिंह (प्रधान आरक्षक)गजेंद्र सिंह (प्रधान आरक्षककल्पना धुर्वे (महिला आरक्षक)कृष्णा मिश्रा आरक्षक का सराहनीय योगदान रहा।

*मप्र के बजट में कटनी जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई*

## विजयराघवगढ़ किला के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए बजट प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कटनी जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन के अनुरूप कटनी को खनिज, कृषि और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की रूपरेखा बजट में स्पष्ट दिखाई दी। जिले के किसानों के लिए स्लीमनाबाद जल सुरंग परियोजना बड़ी राहत लेकर आई है। टनल की खुदाई का मात्र 400 मीटर कार्य शेष है और इसे अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना से कटनी, रीवा और सतना जिले की लगभग 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को नर्मदा जल से सिंचाई सुविधा मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे धान-गेहूं के साथ उद्यानिकी और दलहन उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा।

खनिज संपदा से समृद्ध कटनी को माइनिंग क्लस्टर के रूप में विकसित करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। पूर्व माइनिंग कॉन्क्लेव में मिले 56 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाने की तैयारी है। सड़क, बिजली और जल आपूर्ति जैसे औद्योगिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए भी राशि स्वीकृत की गई है। लक्ष्य है कि कटनी देश का अग्रणी खनिज प्रसंस्करण केंद्र बने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को गति मिले। कटनी में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज स्थापना को लेकर बजट भाषण में दोबारा जोर दिया गया। भूमि आवंटन और प्रारंभिक निर्माण के लिए प्रावधान किए गए हैं। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल शुरू होने पर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, इस मॉडल को लेकर स्थानीय स्तर पर कुछ विरोध भी सामने आया है।

कटनी नगर निगम को 'कायाकल्प अभियान' के तहत बड़ी सौगात दी गई है। प्रमुख रेलवे क्रॉसिंग पर नया रेलवे ओवरब्रिज (ROB) प्रस्तावित है।इसके अलावा ड्रेनेज सिस्टम के आधुनिकीकरण, सौंदर्यीकरण और यातायात सुधार के लिए अतिरिक्त फंड का प्रावधान किया गया है, जिससे शहर की जाम और जलनिकासी समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में पहल होगी।

ऐतिहासिक विजयराघवगढ़ किला के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। साथ ही बड़वारा एवं जनजातीय अंचलों में आधारभूत ढांचे और रोजगारोन्मुख योजनाओं को बढ़ावा देने की घोषणा की गई है।

सरकार का मानना है कि पर्यटन और जनजातीय विकास योजनाओं से स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।मप्र बजट 2026 में कटनी को सिंचाई, खनिज उद्योग, स्वास्थ्य, नगर विकास और पर्यटन सभी क्षेत्रों में संतुलित प्राथमिकता दी गई है।

## जैव उर्वरकों के उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण



शासकीय महाविद्यालय विजय राघवगढ़ में स्नातक स्तर की विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में जैव उर्वरकों का महत्व एवंफसलों में उपयोग की जानकारी दी गई । कृषि की वह पद्धति जिसमें विभिन्न प्रकार के जीवो जैसे जीवाणु कवक एक्टीनो माय सिटीज एवं शैवाल आदि को पहचान कर उनसे विभिन्न प्रकार के पर्यावरण हितैषी उर्वरक तैयार किए जाते हैं उन्हें जैव उर्वरक या जीवाणु खाद कहते हैं। नत्रजन स्थिरीकरण करने वाले जैव उर्वरक के अंतर्गत दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम जीवाणु तथा गैर दलहनी फसलों के लिए एजेक्टोवैक्टर एजोस्पा इ रि लियम एसीटोबेक्टर अजोला एवं नील हरित काई आदि उपयोग में लाए जाते हैं। जो मृदा में वायुमंडलीय नाइट्रोजन स्थिरीकरण करके पौधों को उपलब्ध कराने में सहयोग करते हैं। स्फुर घोलकजैव उर्वरक के अंतर्गत फॉस्फेटिका कल्चर का उपयोग सभी फसलों के लिए करते हैं जैव उर्वरकों का उपयोग बीज उपचार भूमि उपचार जड़ एवं कंद उपचार नर्सरी उपचार करने से उत्पादन में कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत 15 से 20% उत्पादन में वृद्धि का तकनीकी प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया गया।

## दो दिनी राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में किया गया। महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन में मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुई। इसके उपरांत अतिथियों एवं वक्ताओं का शॉल, श्रीफल एवं पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।

संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. मनीषा व्यास ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विषय-वस्तु से उपस्थित जनों को अवगत कराया। प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. सर्दूल सिंह संधू, डीन एवं विभागाध्यक्ष, जीव विज्ञान विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर ने कर्क रोग एवं मधुमेह विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. मोनिका कपूर, सीएमओ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर ने "मधुमेहः वैश्विक महामारी का समाधान" विषय पर कार्ययोजना साझा की।द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. मीनल रहमान, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज, जेएनयू, जयपुर (राजस्थान) ने कर्क रोग नियंत्रण में नैनो तकनीक की भूमिका पर अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त डॉ. जय प्रकाश अवस्थी, शासकीय महाविद्यालय उमरियापान ने मधुमेह के नैदानिक प्रबंधन में आयुर्वेदिक औषधियों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता सिंह बघेल एवं डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी द्वारा किया गया। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

*जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में राहत शक्ति अभियान की सराहना*

## विगढ़ के 70 गांवों में 28 हजार से अधिक महिलाओं को किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मप्र जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ एवं जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह की अध्यक्षता में सावंद योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नवांकुर राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत शक्ति अभियान की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। बताया गया कि अभियान के माध्यम से अब तक विजयराघवगढ़ क्षेत्र के लगभग 70 गांवों में करीब 28 हजार से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, पोषण, स्वच्छता तथा आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर निरंतर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण एवं स्वास्थ्य परामर्श के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है।

बैठक के दौरान समिति अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू ने सुझाव दिया कि अभियान को और प्रभावी बनाने हेतु गांव-गांव महिलाओं द्वारा सेनेटरी पैड निर्माण एवं बिक्री की व्यवस्था विकसित की जाए। जिससे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार मिलेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती व सुलभ स्वच्छता सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने नवांकुर सखी के माध्यम से महिला समूहों को संगठित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्ययोजना बनाने की बात भी रखी। राहत शक्ति अभियान की प्रमुख विशेषताएंग्रामीण महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता,निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण एवं स्वास्थ्य परामर्श, किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा,महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रशिक्षण और सामाजिक झिझक व कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

"हर बहन की शक्ति — हर गांव का विकास" के संकल्प के साथ राहत समर्पण सेवा समिति का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है और महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है।

### 28 फरवरी से 1 मार्च तक हाट-बाजार में दीदियां लगायेंगी स्टाल

## प्रदेश की राजधानी में महकेगा कटनी जिले का हर्बल गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और आत्मविश्वास अब प्रदेश की राजधानी तक अपनी खुशबू बिखेरने जा रहा है। जिले के बड़वारा ग्राम पंचायत के रागनी स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का स्टाल 28 फरवरी से 1 मार्च तक भोपाल के हाट बाजार में लगाया जाएगा। प्राकृतिक सुगंध, त्वचा-सुरक्षित गुणवत्ता और पर्यावरण अनुकूलता के कारण इस गुलाल की मांग लगातार बढ़ रही है।

खास बात यह है कि समूह को स्थानीय स्तर पर ही लगभग 550 किलोग्राम हर्बल गुलाल का ऑर्डर मिल चुका है। इन दिनों दीदियां दिन-रात मेहनत कर ऑर्डर पूरा करने में जुटी हैं, ताकि समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर आशीष तिवारी कहते हैं कि जिले के स्व-सहायता समूहों और स्थानीय उत्पादों के विक्रय और विपणन की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। ताकि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं और दीदियां आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। "वोकल फॉर लोकल"की अवधारणा को फलीभूत करते हुए जिले में स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग को भी प्रोत्साहित किया जायेगा। समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का भोपाल में स्टाल लगने से इसकी बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग होगी। पहले सीमित आय साधनों पर निर्भर रहीं बड़वारा की महिलाएं आज प्रशिक्षण और सामूहिक प्रयासों से एक सफल लघु उद्यम चला रही हैं।

आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को उत्पादन तकनीक, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद समूह ने फूलों, हल्दी, चुकंदर, पालक, गाजर और अन्य वनस्पतियों से पूरी तरह प्राकृतिक हर्बल गुलाल तैयार करना शुरू किया। यह गुलाल सुगंधित होने के साथ-साथ त्वचा के लिए सुरक्षित है, जिससे रासायनिक रंगों से होने वाली आंखों की जलन और त्वचा समस्याओं से भी बचाव होता है।

हर्बल गुलाल के तौर पर पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित होली का संदेश दे रही समूह की दीदियों का कहना है कि इस प्रयास से उनकी आमदनी तो बढ़ेगी ही।साथ ही आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। इससे वे परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभा पायेंगी।

जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने बताया कि रसायनयुक्त रंगों के दुष्प्रभावों को देखते हुए स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हर्बल गुलाल का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय बाजार में 550 किलो से अधिक का ऑर्डर मिल चुका है और रागनी समूह की दीदियां 28 फरवरी से 1 मार्च तक भोपाल हाट बाजार में भी अपनी सहभागिता देंगी, जहां कटनी के हर्बल गुलाल का स्टाल लगाया जाएगा।

बड़वारा की रागनी स्व-सहायता समूह की यह सफलता आज अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है। यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी उद्यमिता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत कर सकती हैं।

## एनएसएस के 7 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का साथ दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर का आयोजन 18 से 24 फरवरी तक होगा। ग्राम पंचायत कचनारी के बिरासिनी देवी प्रांगण में उद्घाटन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच ग्राम पंचायत पाली सरपंच दीनू सिंह ठाकुर तथा सचिव रामचंद्र एवं महाविद्यालय के प्राचार्य रतिराम ने किया। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक को तथा मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में बिरासिनी देवी एवं सरस्वती माता की पुष्प अर्पण कर एवं तिलक वंदन कर किया गया उसके पश्चात NSS के स्वयंसेवी को बधाई तथा उन्हें 7 दिन तक किए जाने वाले कार्य के प्रति सजक एवं सहज तरीके से किस प्रकार किया जाए। इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ लक्ष्मी प्रसाद बागरी द्वारा इसके उद्देश्य तथा सात दिवस तक स्वच्छता कार्यक्रम ,पर्यावरण संरक्षण ,महिला सशक्तिकरण, जन स्वास्थ्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य बताएं इस शिविर में 50 छात्र /छात्रा भाग ले रहे हैं जो साथ दिवस उद्देश्यों का प्रचार प्रसार करेंगे उद्घाटन शास्त्र में डॉक्टर अंकुर उमर एवं डॉक्टर हेमंत चौरसिया मुस्कान राय ,अलका यादव सहित छात्र छात्राओं की उपस्थित रही।

## बिना अनुमति चल रहे 3 निर्माण कार्यों की सामग्री की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम सीमान्तर्गत अवैध कॉलोनी के प्रकरणों सहित बिना सक्षम अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्यों के प्रकरणों एवं शिकायतों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा समय-सीमा की बैठक मे दिये गए सख्त निर्देशों के परिपालन में बुधवार को बिना सक्षम अनुमति के अनाधिकृत निर्माण की तीन शिकायतों पर निगम की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान बिना अनुमति निर्माण पाए जाने पर निगम अमले ने निर्माण सामग्री जब्त करते हुए कार्य बंद करानें की कार्यवाही की गई।

इस संबंध में अतिक्रमण प्रभारी श्री मानेन्द्र सिंह ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर बुधवार को बरगवां निरीक्षण के दौरान तीन लोगों द्वारा बिना सक्षम अनुमति के कराये जा रहे निर्माण कार्य पर मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थलों पर पंचनामा तैयार किया गया तथा निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री को जब्त किया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना विधिवत अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैध माना जाएगा और ऐसे प्रकरणों में कठोर कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक स्वीकृतियाँ प्राप्त करें, जिससे अनावश्यक दंडात्मक कार्यवाही से बचा जा सके। उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों के अस्थाई अतिक्रमण सहित अव्यवस्थित खड़े वाहनों को व्यवस्थित कर नागरिकों को सुगम आवागमन व्यवस्था मुहैया कराने के प्रयास अनवरत जारी है।



## खबर संक्षेप

### गंदगी फैलाने पर 3400 रुपये का स्पॉट फाइन

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के साथ ही सार्वजनिक स्थलों में गंदगी करने पर संबंधितों पर 3 हजार 400 रुपये के स्पॉट फाइन किया जाकर जाकर स्वच्छता नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर गंदगी फैलाने वालों पर 800 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र में चाट ठेला संचालकों सहित विश्राम बाबा बार्ड में चौरसिया जलपान गृह के संचालक द्वारा दुकान के सामने गंदगी किये जाने पर 1000 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया जाकर दुकानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित स्थलों पर ही डालने की अपील की गई। वहीं जोन क्रमांक 3 एवं 4 में भी चलाये गए अभियान के दौरान गंदगी पाये जाने पर 1 हजार 600 रुपये की चालानी कार्यवाही की जाकर संबंधित दुकानदारों को दुकानों में डस्टबिन रखने की हिदायत दी गई।

### हरदी कुटी में श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**उमरियापान।** उमरियापान के समीप स्थित हरदी कुटी में संत कौशिल्या दास महाराज के सानिध्य में श्रीराम महायज्ञ का आयोजन भक्तिभाव एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हो रहा है। महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।प्रातःकाल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचकर यज्ञवेदी की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। वातावरण वेद मंत्रों की गूंज एवं भक्ति रस से सराबोर है। यज्ञाचार्य ज्ञानजी महाराज द्वारा विधि-विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है। महायज्ञ के दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा हैं।

### सिद्धेश्वर धाम में ग्यारह कुण्डी शिवरुद्र यज्ञ 21 से

**उमरियापान।** खंदवारा के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर धाम में 21 फरवरी से ग्यारह कुण्डी शिवरुद्र महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यह धार्मिक आयोजन 28 फरवरी तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा। यज्ञाचार्य पं. गोविंद प्रसाद मिश्रा के मार्गदर्शन में विधि-विधान से यज्ञ की सभी अनुष्ठानिक प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाएंगी। यज्ञ के साथ-साथ प्रतिदिन कथा व्यास साध्वी प्रेमलता द्वारा भगवान की कथा का रसपान कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालु धर्म लाभ अर्जित कर सकेंगे। सरपंच रविन्द्र सिंह ठाकुर ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बनने तथा पुण्य लाभ प्राप्त करने कहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ की तैयारियों जोरों पर हैं।

### जनगणना के कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त करने निर्देश

**कटनी।** जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में किया जाना है। जिसके प्रथम चरण तथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य समय सीमा में सम्पादित किये जाने हेतु 19 एवं 20 फरवरी 2026 को प्रातः 10:30 बजे से जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार मे आयोजित किया गया है। आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम सुश्री तपस्या परिहार आई.ए.एस ने नगर निगम सीमान्तर्गत जनगणना कार्य हेतु नियुक्त निगम के नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्धारित तिथि 19 एवं 20 फरवरी को प्रातः 10: 30 बजे से जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक के लिए नगर जनगणना अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक तथा तीन जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा को वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक, असित खरे को वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक तथा वार्ड क्रमांक 31 से 35 एवं 37 से 45 तक के लिए अंशुमान सिंह को नियुक्त किया गया है।

**खबर संक्षेप**



### खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते वाहन हुए जब्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में खनिज विभाग द्वारा सघन कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में प्रभारी खनिज अधिकारी श्रीमती ईशा वर्मा द्वारा गुरुवार को ग्राम बसखला में खनिज गिट्टी का ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन करते हुए 02 वाहन जब्त किया गया। उक्त प्रकरण में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 19 (1), (2) एवं (3) के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई।

### उत्कृष्ट उ.मा.वि. परिसर मे 22 फरवरी से एक माह के लिए अनाधिकृत प्रवेश प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है। संस्था के प्राचार्य को मूल्यांकन केन्द्राधिकारी नियुक्त किया गया है। मूल्यांकन कार्य 22 फरवरी से प्रारंभ होकर लगभग एक माह तक चलेगा। मूल्यांकन कार्य की गोपनीयता एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर परिसर में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार 22 फरवरी से आगामी एक माह तक विद्यालय परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश एवं अनावश्यक जमावड़े पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### कटनी वनमंडल में कल से शुरू होगी गिद्धों की गणना

**कटनी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कटनी सहित पूरे प्रदेश में गिद्ध गणना का कार्य 20 फरवरी से 22 फरवरी तक किया जाएगा। वनमंडलाधिकारी कटनी गर्वित गंगवार ने बताया कि यह गणना वन विभाग की टीम द्वारा वन परिक्षेत्र कटनी, रीठी एवं विजयराघवगढ़ के अंतर्गत किया जायेगा। जिले में गिद्ध गणना तीन दिवस चलेगी। तीनों दिन प्रातः 6.30 बजे से गिद्धों की गणना प्रारंभ होगी । गिद्ध गणना वर्ष-2026 में स्वयंसेवक के रूप में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति उपवन मंडलाधिकारी पूर्व से संपर्क कर सकते हैं और गिद्धों की गणना में भागीदारी निभा सकते हैं।

### डेयरी समितियों को क्रियाशील करने निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने नवगठित डेयरी सहकारी समितियों को कार्यशील बनाने, मछुआ सहकारी समितियों को पट्टा देने एवं के.सी.सी. वितरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही, पैक्स पुनर्गठन के पश्चात नवीन पैक्स समितियों की आस्तियों एवं दायित्वों का बटवारा, बैंक खातों खोलने, कार्यालय की स्थापना, कर्मचारियों की पदस्थापना एवं लेखा परीक्षण की कार्यवाही कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में पुर्नगठित नवीन पैक्स समितियों के पैक्स कंप्यूटराईजेशन कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कलेक्टर श्री तिवारी ने पशुपालन एवं कृषि विभाग के समन्वय से दुग्ध समितियों के गठन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता राजयश वर्धन कुरील, उप संचालक कृषि अरूणिमा सेन कॉपरेटिव बैंक की नोडल अधिकारी जयति विलथरिया, नाबार्ड के जिला प्रबंधक विकास जैन सहित और मतस्य पालन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद है।

## पांडवकालीन मडफा तालाब पर कब्जे का आरोप

# नगर पालिका पर भू-माफियाओं से सांठगांठ का दावा

अनूपपुर जिला मुख्यालय में स्थित पांडवकालीन मडफा तालाब को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। आरोप है कि नगरपालिका परिषद अनूपपुर द्वारा अवैध तरीके से पार्षद को तालाब की भूमि पर कब्जा कराया जा रहा है। इस मामले में नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे ऐतिहासिक धरोहर और जनहित के खिलाफ बताया है, जिससे नगर की जनता में आक्रोश फैल गया है।





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जिले में पांडवकालीन शिव मंदिर से जुड़े मडफा तालाब को नगर की ऐतिहासिक और पर्यावरणीय विरासत माना जाता है। वर्षों पहले नगरपालिका द्वारा यहां पेवर ब्लॉक, लाइटिंग और गार्डनिंग कराई गई थी, जिससे यह स्थान नागरिकों के लिए सुबह-शाम सैर और विश्राम का प्रमुख केंद्र बन गया था। लेकिन अब आरोप है कि इसी तालाब की भूमि को खुर्द-बुर्द कर पार्षद के कब्जे में दिया जा रहा है। पूर्व उपाध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग और नगरपालिका की कथित सांठगांठ से तालाब पर अतिक्रमण कराया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका कहना है कि मडफा तालाब न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि बाजार क्षेत्र का जलस्तर बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाता है। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सौंदर्यीकरण से अतिक्रमण तक का सफर

मडफा तालाब में नगरपालिका द्वारा वर्षों पहले किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों के चलते यह क्षेत्र शहरवासियों के लिए राहत का स्थान बना था। यहां बेंच, लाइटिंग और हरियाली थी, जहां बुजुर्ग आराम करते और युवा सैर करते थे। आरोप है कि अब उसी सौंदर्यीकरण को नुकसान पहुंचाते हुए पार्षद द्वारा बेंच तोड़ दी गई है। यह कदम सीधे तौर पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाला बताया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है।

### कब्जे के मंसूबे पूरे नहीं होने देंगे

पूर्व उपाध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि प्राचीन मडफा तालाब पर कब्जा करने के मंसूबे किसी भी हालत में सफल नहीं होने दिए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि अनूपपुर नगरपालिका क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति यह साबित नहीं कर सकता कि यह भूमि शिव मंदिर मडफा तालाब की नहीं है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक विरासत बताते हुए कहा कि नगरपालिका और कुछ पार्षदों द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम जनता स्वीकार नहीं करेगी।

### मालिकाना हक और विभागीय भूमिका पर सवाल

जीवेन्द्र सिंह के अनुसार, मडफा तालाब सामतपुर का मालिकाना हक जनपद पंचायत जैतहरी के पास है। जिला मुख्यालय में स्थित होने के कारण केवल सौंदर्यीकरण का कार्य नगरपालिका करती आई है। पूर्व में एसईसीएल द्वारा भी यहां विकास कार्य कराए गए हैं। ऐसे में बिना अधिकार के कब्जा कराना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि अंतरविभागीय टकराव को भी जन्म देता है।

### सीमांकन प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति

आरोप है कि नक्शा तर्मीम और सीमांकन की प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया। चौहद्दी के रहवासियों, लोकनिर्माण विभाग, जनपद पंचायत जैतहरी और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को नोटिस तक जारी नहीं किया गया। मात्र दो दिनों में औपचारिकता पूरी कर ली गई, जिसे विधिविरुद्ध बताया जा रहा है। यह जल्दबाजी संदेह को और गहरा करती है।

### जलस्तर, पर्यावरण और कानूनी लड़ाई

मडफा तालाब में पानी भरा रहने से बाजार क्षेत्र का वाटर लेवल संतुलित रहता है। आरोप है कि इसी कारण भू-माफियाओं की नजर इस तालाब पर है और सैकड़ों वर्ष पुराने भीठ व वृक्षों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जीवेन्द्र सिंह ने बताया कि बीआरजीएफ फंड से 2010-11 में 22 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण हुआ था, जिसके आगे तक तालाब की भूमि है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में हर स्तर पर कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी और भू-माफियाओं के मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

## जैतहरी शहर के मध्य झोलाछाप डॉक्टर पर हो तत्काल कार्यवाही-कैलाश मरावी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

भाजपा नेता एवं सभापति नगर परिषद जैतहरी कैलाश मरावी ने प्रेस विज्ञप्ति में थाना जैतहरी को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि जैतहरी मुख्य मार्ग के वार्ड क्र. 09 में झोलाछाप, अयोग्य, तथाकथित डां. राम अभिलाष द्विवेदी द्वारा खुलेआम क्लीनिक संचालन पर तत्काल कार्यवाही की जाए। उन्होंने अपने ज्ञापन में लेख किया है कि अनूपपुर जिले के जैतहरी नगर में वार्ड नं. 09 पुराना पोस्ट ऑफिस के पास जैतहरी थाना से बस स्टैण्ड मार्ग पर कथित फर्जी झोलाछाप डां. राम अभिलाष द्विवेदी क्लीनिक संचालित कर गरीब, अशिक्षित, असहाय जनों का इलाज व चिकित्सा कर खुलेआम क्लीनिक संचालित कर रखा है। मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार डां. राम अभिलाष द्विवेदी म.प्र.शासन से कोई भी चिकित्सा, डिग्री प्राप्त नही है तथा म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी अनूपपुर में वैधानिक दस्तावेज के आधार पर पंजीकृत नही है। खुलेआम क्लीनिक संचालित करने के कारण जन सामान्य को यह भरोसा होता है कि यह पात्र चिकित्सक है इसलिए प्रतिदिन सैकेडो मरीजों का चिकित्सा व उपचार के नाम पर लूटना इनकी दिनचर्या है। ऐसा लगता है कि अनूपपुर जिलें में कानून का राज नही है। जालसाज, बेईमान, धूर्त खुलेआम कुछ भी अपराध करे, कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने मांग की है कि झोलाछाप डां. राम अभिलाष द्विवेदी द्वारा संचालित क्लीनिक पूर्णताः सील कर फर्जी कथित चिकित्सक पर जालसाजी, धोखाधडी तथा जन सामान्य के साथ उनके जीवन से खिलवाड करने के विरूद्ध त्वरित सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाए।



## नजर आया चांद, रमजान का पाक महीना हुआ शुरू

# मस्जिद में पढ़ी गयी पहली तरावीह

### अकीदतमंदों ने रखा पहला रोजा, बाजारों में बढ़ी रौनक

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

इस्लामी माह रमजान का चांद नजर आते ही जिले में इबादत, रौनक और खुशियों का माहौल बन गया। शाबान की 29 तारीख को बुधवार की शाम अकीदतमंद मस्जिदों, घरों की छतों और खुले मैदानों में चांद देखने के लिए जुटे। चांद दिखाई देते ही लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। कहीं-कहीं खुशी में पटाखों की आवाज भी सुनाई दी। रात में मस्जिद में ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज अदा की गयी। नमाज के दौरान रोजेदारों ने मुल्क व कौम की सलामती, अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस्लाम धर्म को मानने वालों के लिए रमजान का महीना खास महत्व रखता है, जिसमें मुख्य रूप से रोजा रखना और अल्लाह की इबादत करना महत्वपूर्ण माना जाता है। रमजान को इबादत, रहमत और बरकतों वाला पवित्र महीना माना गया है। इस साल माह-ए-रमजान की शुरुआत गुरुवार से हो चुकी है। जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, भालूमाड़ा, जमुना कालरी, जैतहरी, वेंकटनगर, चचाई, राजेन्द्रग्राम, बरगवां, बदरा, अमलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा रोजा रखा जा रहा है।




रमजान में रोजा रखना हर मुस्लमान के लिए फर्ज है. क्योंकि रोजा इस्लाम के पांच मूलभूत स्तंभों में एक है. शाबान महीने के अंतिम दिन चांद का दीदार होने के बाद से ही रमजान महीने की शुरुआत हो जाती है जोकि इस्लामिक चंद्र कैलेंडर का नौवां महीना होता है. इस पूरे महीने रोजेदार रोजा रखते हैं। 29-30 दिनों का रोजा पूर्ण होने के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है। रमजान में पूरे महीने नियमित रूप से रोजा रखा जाता है और इस दौरान पांच वक्त की नमाज भी अदा की जाती है। इसे फजिर, दुहर, असर, मगरिब और इशा की नमाज कहते हैं। रोजे की शुरुआत सुबह सूरज निकलने के कुछ समय पहले ही हो जाती है। इस समय रोजेदार हल्का भोजन करते हैं जिसे सहरी कहते हैं। सहरी करने के साथ ही व्रत का संकल्प लिया जाता है। सहरी के बाद पूरे दिन खाना-पीना वर्जित होता है। इसके बाद शाम को इफ्तार की जाती है. रोजा में अन्न-जल के साथ ही मन में आ रहे बुरे विचारों का भी त्याग करना और गुनाहों से तौबा करना होता है। मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा अलग-अलग स्थान पर इकट्ठे होकर शाम के वक्त रोजा इफ्तार करते हैं।

### तरावीह के साथ ही रमजान की फिजा पूरी

शतरह से महसूस की जाने लगी। जिले में गुरुवार की अहले सुबह रोजेदार सहरी के लिए जागे। सहरी के बाद उन्होंने पहले रोजे की नियत की। युवा, बुजुर्ग और नन्हे-मुन्ने बच्चों तक ने रोजा रखा। दिनभर भूखे-प्यासे रहकर इबादत और सब्र का इम्तिहान दिया। शाम में अजान-ए-मगरिब के साथ रोजेदारों इफ्तार करेंगे और अल्लाह से देश-दुनिया में अमन-ओ-अमान की दुआ करेंगे। हालांकि, दिनभर एक दूसरे को रमजान की मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा। इधर, रमजान शुरू होते ही बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गयी है। इफ्तार और सहरी के सामान की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। खजूर, फल, सेवरी, चना, शरबत और अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी जोरों पर रही है।

### रोजा टूटने व मकरूह होने में है फर्क

मुस्लिम धर्म से जुड़े जानकारो ने जरूरी बातों की जानकारी भी दी। और उन्होंने बताया कि भूलवश कुछ खा-पी लेने से रोजा नहीं टूटता। आंखों में सुरमा लगाने, बालों में तेल लगाने या खुशबू लगाने से भी रोजा नहीं टूटता। बीमारी की वजह से अनायास उल्टी हो जाए तो रोजा कायम रहता है, लेकिन जानबूझकर उल्टी करने से बचना चाहिए। आंख, नाक या कान में दवा डालने से भी रोजा नहीं टूटता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रोजा टूटने और मकरूह होने में फर्क है। कुछ काम ऐसे होते हैं जिनसे रोजा तो नहीं टूटता, लेकिन उसका सवाब कम हो सकता है। इसलिए रमजान में एहतियात, परहेजगारी और नेक नियत के साथ इबादत करना जरूरी है। रमजान का महीना आत्मशुद्धि, सब्र और इंसानियत की सीख देता है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडियारास नवनिर्मित भवन शीघ्र होगा प्रारंभ

## जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न विकास कार्यों का लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने नवीन स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडियारास के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया गया इस दौरान प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ धनीराम सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने नवनिर्मित स्वास्थ्य केन्द्र भवन का अवलोकन करते हुए आगामी 15 दिवस में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडियारास का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए उन्होंने भवन का अवलोकन करते हुए दिव्यांग शौचालय में रैंप लगाने, बायो मेडिकल बेस्ट के लिए निर्धारित स्ट्रक्चर बनाए जाने तथा परिसर में निर्मित स्टाफ क्वार्टर में संबंधित स्टाफ को शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने उप स्वास्थ्य केन्द्र केल्हौरी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन के बाउंड्रीवाल, स्टाफ क्वार्टर के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भ्रमण के दौरान महिलाओं के प्रसूति के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया तथा मानक निर्देशानुसार आवश्यक सामग्री की यथास्थान उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत भवन केल्हौरी पहुंचकर भवन का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के लिए भवन निर्माण की मांग का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सभागार में ग्राम पंचायत केल्हौरी को वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित करने समग्र विकास कार्य योजना तैयार करने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के तहत स्थानीय निवासियों को सोलर सिस्टम लगवाए जाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उन्हें योजना के अनुदान, लाभ आदि की जानकारी प्रदान करने के संबंध में ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक शौचालय के निर्माण, पंचायत भवन में वाई-फाई सुविधा सिस्टम लगाने तथा पंचायत लर्निंग सेंटर के अनुसार व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत केल्हौरी के अंतर्गत स्व सहायता समूह को आजीविका आधारित गतिविधि के लिए प्रोत्साहित करने तथा ऐसे समूह को चिन्हित करने के निर्देश दिए उन्होंने नल, जल, प्रकाश आदि के स्व करारोपण के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रो में पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए। बुधवार को जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवार के ग्राम करहीवाह में प्राथमिक विद्यालय से जगमोहन कोल के घर तक 15 वें वित्त मद से निर्मित कराई गई पीसीसी रोड लागत 9.35 लाख के कार्य का अवलोकन किया गया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक विद्यालय करहीवाह मे शौचालय में उपलब्ध बोरवेल पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया जहां विद्युत सप्लाई न होने से जलापूर्ति बाधित पाई गई। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश ग्राम पंचायत के सचिव को दिए गए।



## वृद्धाश्रम सीतापुर का जिला पंचायत सीईओ ने लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सीतापुर में वृद्धाश्रम परिसर तथा परिसर में बनाए गए सामुदायिक स्वच्छता परिसर एवं वृद्धाश्रम के आवासीय परिसर, किचन, स्टोर, पेयजल, आदि व्यवस्था का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। भ्रमण के मौके पर उपसंचालक सामाजिक न्याय केके सोनी, जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके रैकवार सहित संबंधित जन उपस्थित थे। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के शुद्धणीकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने ग्राम सीतापुर में प्रधानमंत्री सड़क से मुक्ति धाम तक निर्मित कराई गई सीसी रोड निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा समीपस्थ ग्राम भोलगढ़ में बोरवेल का अवलोकन करते हुए ग्रामीणों से चर्चा की गई ग्रामीणो ने अवगत कराया की बोरवेल में पर्याप्त पानी की उपलब्धता नहीं है जिस पर उन्होंने पेयजल आपूर्ति के लिए अन्य स्त्रोत स्थान का चिन्हांकन किए जाने के निर्देश दिए।

!! राधे-राधे !! !! श्री गणेशाय नमः !! !! राधे-राधे !!
श्री गुजरात ग्रेनाईट एंड टाइल्स
ग्रेनाईट एवं टाईल्स के थोक एवं फुटकर विक्रेता
हमारे यहा सभी प्रकार के टाईल्स, ग्रेनाईट- सांड्य Z ब्लैक, सुपर ब्लैक, आर ब्लैक इत्यादि एवं सेनेट्री, कड़प्पा उचित दामों पर उपलब्ध है।
कोटा स्टोन कम दामों में उपलब्ध है
प्रो. देवेन्द्र सिंह जी 7742294629, 7440984719, 7737330239